Regarding announcement of Kaushambi and Pratapgarh as Drought prone areas

श्री पुष्पेंद्र सरोज (कौशाम्बी) **:** सभापति महोदया, जब माननीय वित्त मंत्री जी ने बजट पेश किया, तो उन्होंने किसानों को अन्नदाता कहा । मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं । यदि आप उत्तर प्रदेश के किसानों से पूछें, उत्तर प्रदेश के अन्नदाताओं से पूछें कि कोई अपनी फसल बचा पाता है तो सबका जवाब होगा ? नहीं । विधान सभा में कई बार इस विषय को रखा गया है । लोक सभा में हमारे यहां के जितने भी सांसद हैं, उन्होंने भी यह बात सदन में रखी है । आवारा पशुओं से बहुत दिक्कत है । मैं कौशाम्बी से आता हूं और हमारे दो जनपद लगते हैं कौशाम्बी और प्रतापगढ़ । बारिश न होने के कारण और बिजली की आपूर्ति न होने के कारण बहुत परेशानी होती है । मेरे पास 21 नहरों की लिस्ट है, जहां पानी नहीं आया है । इससे हमारे अन्नदाताओं की समस्या बहुत बढ़ जाती है । मैं सदन के माध्यम से आग्रह करता हूं कि हमारे अन्नदाताओं की समस्याओं को देखते हुए कौशाम्बी और प्रतापगढ़ को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए । धन्यवाद ।